वैराग्य पथ धारियों की बिनोली, गोद भराई की रस्म हुई, दिखी संयम की अनुमोदना

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्यों ने लिया आचार्य समय सागर महाराज का आशीर्वाद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: शहर में वैराग्य पथ पर चलने वाले युवाओ की बिनोली और गोद भराई की रस्म शुक्रवार को चंद्रप्रभु उद्यान जैन नगर लाल घाटी में हुई। गोद भराई की रस्म श्रद्धालुओं ने की। इसके पहले आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य तीनों युवाओं ब्रह्मचारी अतिशय, विशाल एवं रोहित ने विधोदय तीर्थ में आचार्य समय सागर महाराज को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

आचार्य श्री ने उनसे कहा दृढ़ इच्छा शक्ति, अति विश्वाश के साथ संयम की साधना वैराग्य पथ पर आगे बढ़ते रहो। रस्म पूरी होने के बाद चंद्रप्रभु उद्यान जैन नगर लालघाटी में बिनोली यात्रा भी निकली। समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया तीनों वैराग्य पथ धारियों को मुनि दीक्षा आचार्य विशुद्ध सागर महाराज 12 दिसंबर को गुलाबी नगरी जयपुर में देंगे।



मुनि आदित्य सागर महाराज के निर्देशन में लगभग 200 संतों के सान्निध्य में यह आयोजन होगा। इनमें से ब्रह्मचारी विशाल भैया एम कॉम कर चुके हैं। वह राजधानी के समीप बैरसिया नगर से हैं। साथ ही वहां के प्रतिष्ठित नेमीचंद- कल्पना कठनेरा परिवार के सुपुत्र हैं। संपन्न परिवार के विशाल भैया ने अपनी अटूट संपत्ति छोड़कर 2017 में गुरु आचार्य श्रीविद्यासागर महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया था। ब्रह्मचारी अतिशय 23 वर्षीय पवन-पदमा के सुपुत्र कोटा राजस्थान से है। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई दो वर्ष के पश्चात छोड़ दी थी। जनवरी 2025 को आचार्य विशुद्ध सागर महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया। उनके शिष्य मुनि आदित्य सागर महाराज के प्रवचनों से प्रभावित होकर संघ में प्रवेश किया। ब्रह्मचारी 19 वर्षीय रोहित टीकमगढ़ से हैं। राकेश- रश्मिता के सुपुत्र ने 12 वीं तक पढ़ाई की है। मुनि आदित्य सागर महाराज के मार्गदर्शन में जैन दर्शन से प्रभावित होकर 2025 में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी सौरभ इंजीनियर, गुरु भक्त जीतू सिलवानी ने बताया कि मांगलिक भजनों के साथ समाज के लोगों ने तीनों ब्रह्मचारी भाइयों की गोद भराई की रस्म की। बहुमान किया और समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा मोक्ष पथ की अनुमोदन की गई।

12 स्कूलों के 3,632 विद्यार्थियों की हुई नेत्र जांच

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र: सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने अंतरराष्ट्रीय संस्था मिशन फॉर विजन के सहयोग से भोपाल और सीहोर जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में दृष्टिदोष जांच शिविर आयोजित किए। अप्रैल से सितंबर तक छह माह के दौरान 12 स्कूलों के 3,632 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 97 विद्यार्थियों के चश्मे का नंबर जांचा गया, जबकि 285 बच्चों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए।

अस्पताल के अनुसार, कम रोशनी या अंधेरे में मोबाइल फोन का उपयोग करने से बच्चों की आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके कारण उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखे शब्द पढ़ने और किताबें पढ़ने में परेशानी होती है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए दृष्टिदोष की समय पर पहचान जरूरी है। जिन बच्चों को पहले से चश्मा लगा है, उन्हें नियमित रूप से चश्मा पहनना चाहिए और समय-समय पर आंखों की जांच करानी चाहिए।

आचार्यश्री समय सागर महाराज ने शौर्य स्मारक का अवलोकन किया



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: आचार्यश्री समय सागर महाराज सा संघ शुक्रवार को देश के शौर्य वीरता और भारत की शान सम्मान का प्रतीक शौर्य स्मारक पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पुरातत्व, भारतीय सेना के इतिहास, महापुरुषों आदि की जानकारी ली।

प्रवक्ता सुनील जैनाविन अंशुल जैन ने बताया स्मारक के अधिकारियों ने देश की वीर सेना ओर जुड़े हुए चित्र अभिलेख आदि की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आचार्यश्री ने कहा हमारे महापुरुषों कि जीवन गाथा, देश के वीर जवानों और सेना के शौर्य गाथा के किस्से सभी देश वासियों के लिए प्रेरणा देते हैं। हमें सबसे पहले अपने देश की आन बान और सम्मान का ध्यान रखना है। इस अवसर पर शौर्य स्मारक के अधिकारी, समिति के पदाधिकारी, चातुर्मास समिति के सदस्य मौजूद थे।

मृतक अधिवक्ता के बच्चों की शिक्षा के लिए जिला अभिभाषक संघ ने दी आर्थिक सहायता



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: जिला अभिभाषक संघ भोपाल ने दिवंगत अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा के बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की पहल की है।

संघ की कार्यकारिणी ने इस उद्देश्य से 25 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। संघ की ओर से बताया गया कि किसी अधिवक्ता की असामयिक मृत्यु होने पर उसके परिवार, विशेषकर बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसी भावना के साथ यह सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। इनमें उपाध्यक्ष, सचिव मुकेश नागपुरे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। संघ ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय अपने सदस्यों और उनके परिवारों के प्रति सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

शकुंतला देवी ठकराल की स्मृति में 11 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान

भोपाल। ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला देवी ठकराल की पुण्य स्मृति में 13 नवंबर को स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर मां के प्रेम, वात्सल्य, करुणा और त्याग को समर्पित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। समारोह का विशेष आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 11 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान रहा। सम्मानित महिलाओं में प्रशासन, चिकित्सा, शिक्षा, कानून, बैंकिंग, खेल और उद्यमिता क्षेत्र की प्रतिभाएं शामिल थीं। इनमें डॉ. प्रेक्षा द्विवेदी, डॉ. स्वागता ब्रह्मचारी, श्रीमती माया अवस्थी और सुश्री आभा ऋषि सहित अन्य विभूतियां शामिल रहीं।

ओरिएंटल ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण ठकराल एवं वाइस चेयरमैन गौरव ठकराल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शकुंतला देवी के संस्कार, स्नेह और जीवन मूल्य संस्थान की अमूल्य धरोहर हैं और सदैव भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।

केरल के पारंपरिक नृत्य और संगीत ने मोहा मन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: यूएमए (उमा) की ओर से शुक्रवार को भोपाल में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें संगीत, शास्त्रीय नृत्य और केरल की पारंपरिक लोक कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत वॉयस ऑफ भोपाल के ऑर्केस्ट्रा से हुई। इसमें गोविंद प्रसाद शर्मा, मीता श्रीवास्तव, प्रमोद शर्मा और बीना साबू ने प्रस्तुति दी। इसके बाद सेंट पॉल के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य और शिखा शरत ने एकल गायन प्रस्तुत किया। यूएमए अध्यक्ष ओ.डी. जोसेफ ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं को एक मंच पर लाना और भोपाल के लोगों को केरल की लोक कलाओं से परिचित कराना है।

कार्यक्रम में रेवती विनोद ने भरतनाट्यम प्रस्तुत किया। ऋषिका नायर और लक्ष्मी शंकर ने अर्धशास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं कलाकारों ने थिरुवथिरा, नादोदी नृथम, ओट्टन थुल्लाल और अर्जुन नृथम के माध्यम से केरल की लोक परंपराओं को जीवंत किया। समारोह में थेय्यम और पूरा पट्टू की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों ने कलारीपयट्टू में युद्ध कला और तलवारबाजी का कौशल दिखाया। अंत में पारंपरिक नृत्य पदयनी के साथ सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ।

एमवीएम के पूर्व विद्यार्थियों का दीपावली मिलन आज

नप्र, भोपाल: शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) के पूर्व विद्यार्थियों का दीपावली मिलन समारोह शनिवार, 14 नवंबर को महाविद्यालय परिसर स्थित सांस्कृतिक सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। एमवीएम एलुमिनी के महासचिव सुभाष व्यास ने बताया कि समारोह में महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान सभी पुराने दिनों की यादें ताजा करेंगे और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देंगे। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी गीत-संगीत की प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद सभी स्नेह भोज का आनंद लेंगे। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। एमवीएम एलुमिनी की ओर से पिछले कई वर्षों से दीपावली और होली मिलन समारोह के साथ सामाजिक गतिविधियां, स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधारोपण और जरूरतमंद पूर्व विद्यार्थियों की सहायता जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

युवक ने फांसी लगाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर- 18 के महुआखेड़ा में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगा ली। उसके पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

बैरसिया थाना पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय राकेश पुत्र केशरी मोहन मालवीय महुआखेड़ा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया और कमरे में सोने चले गया था। शुक्रवार सुबह परिवार के लोग सोकर उठे तो राकेश का शव घर के टीन शेड पर लगे पाइप पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामले की जांच की जा रही है।

गहोई वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव कल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: श्री गहोई वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव 15 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष तनुज कुदरिया और मंत्री अखिल रेजा ने बताया कि अनुष्ठान फतेहगढ़ फायर ब्रिगेड के पीछे स्थित समाज के मंदिर कंठाली में होगा। पूजन का शुभारंभ दोपहर 12 बजे भगवान राधाकृष्ण को 56 भोग अर्पित कर महाआरती से होगा। तत्पश्चात महाप्रसादी भोज का सिलसिला शुरू होगा, जो रात आठ बजे तक जारी रहेगा। इस बीच मां भगवती आराधना मंच के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

दादा वासवानी के बताए सिमरन, समर्पण और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र: साधु वासवानी स्कूल में दादा टीएल वासवानी की स्मृति में नूरीग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दादा वासवानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

सुधार सभा के महासचिव कन्हैयालाल रामचंदानी ने कहा कि दादा वासवानी ने सिमरन, समर्पण और सेवा का मार्ग दिखाया। नूरीग्रंथ निर्मल जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से शाकाहार अपनाने और मांसाहार का त्याग करने का आह्वान किया।

डॉ. राजकुमारी चोटियानी ने कहा कि नूरीग्रंथ में संतों की अनमोल वाणी समाहित है और इससे गुरुदेव की उपस्थिति का अहसास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से दादाजी के पांच मूल



मंत्रों सादगी, पवित्रता, अनुशासन, आज्ञापालन और स्वच्छता को जीवन में अपनाने की अपील की।

जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि नूरीग्रंथ में सभी उपनिषदों का सार समाहित है। उन्होंने महिला शिक्षा पर भी जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल के सचिव बसंत पेसवानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी और वासुदेव मोतियानी ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को सात्विक जीवन अपनाने, शाकाहार और जीवों के प्रति दया का भाव रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्राचार्या तुलिका घोष, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन से मिलती है सफलता



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्र: नवनिध पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। इसमें मिठी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र और सीए इंटरमीडिएट सिटी टॉपर कुणाल रामनानी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने समय प्रबंधन, आत्म-अनुशासन और आत्म-नियंत्रण का महत्व बताते हुए पढ़ाई के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में संतुलन बनाने और नई कौशल सीखने की सलाह दी। उन्होंने अच्छे मार्गदर्शक, शिक्षकों के सम्मान और माता-पिता के सहयोग को भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में सही दृष्टिकोण और जीवन कौशल का विकास भी जरूरी है।

कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

Email- deangmc_bpl@yahoo.co.in Website:- www.gmcbhopal.net

क्रमांक 43789 / एम.सी. / स्था/राज / 2026 भोपाल, दिनांक 12/11/2026

(Public Notice)

विषय:- लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सहायक प्राध्यापक को अंतिम सूचना एवं अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने बाबत् डॉ ऋषि तिवारी, सहायक प्राध्यापक सी.टी. सर्जरी विभाग गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ।

सर्वसाधारण एवं संबंधित व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि डॉ ऋषि तिवारी सहायक प्राध्यापक सी.टी. सर्जरी विभाग गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में पदस्थ है उक्त सहायक प्राध्यापक लब समय से लगातार बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अपने शासकीय कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। उनकी अनुपस्थिति की अवधि एक वर्ष से अधिक हो चुकी है।

विभाग द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 24041-45/एमसी/स्था/राज/2025 भोपाल दिनांक 07.07.2025 पत्र क्रमांक 47459-62/एमसी/4/स्था/राज/20 1/राज/2026 भोपाल दिनांक 18.12.2025 तृतीय एवं अंतिम पत्र कमांक 39942-47/एमसी/4/स्था/राज / 2026 भोपाल दिनांक 13.10.2026 के माध्यम से अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने तथा अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, तथापि उनके द्वारा निर्धारित समयवाधि में पत्रों का कोई भी जबाव नहीं दिया गया है।

अत: डॉ ऋषि तिवारी सहायक प्रध्यापक सी.टी. सर्जरी विभाग गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल को सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है कि वे इस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख से 07 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तथा अनुपस्थिति के संबंध में समस्त प्रमाणित अभिलेख एवं दस्तावेज प्रस्तुत करें।

निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने अथवा संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी तदनुसार सेवा से बर्खास्तगी की शास्ति अधिरोपित कर विज्ञप्ति एवं बाण्ड की शर्तानुसार एक वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि भूराजस्व की बकाया की भांति वसूली आपकी / पारिवारिक चल अचल संपत्ति से की जावेगी जिस हेतु आपका किसी भी प्रकार का दाबा मान्य नहीं किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति, भोपाल

जी-21407/26

कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल

(तुलसी नगर भोपाल दूरभाष क्रमांक 0755-2778106)

क्र./भण्डार/आयोजन. प्रशि/ निविदा/2026/7522 **निविदा सूचना** **भोपाल दिनांक 11/11/2026**

समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र अंतर्गत वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण, कीडा प्रतियोगिताओं एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की विभिन्न व्यवस्थाओं अंतर्गत चाय स्वल्पाहार-भोजन (TENDER ID NO 2026 DPI_548675_1) फ्लैक्समुद्रण (TENDER ID NO2026_DPI_548681_1), मुद्रण कार्य (TENDER ID NO 2026 _DPI_548682_1), टेन्टसामग्री (TENDER ID NO2026_DPI_548679_1), विद्युत सामग्री एवं साउंड सिस्टम सामग्री (TENDER ID NO2026_DPI_548677_1) किराये पर लिये जाने हेतु निविदाएँ https://mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से आमंत्रित की गई है।

S.No.	Particulars	Start Date & Time	End Date & Time
1	Purchase of Tender	13-11-2026 10.30.A.M	1-12-2026 2.30P.M
2	Online Bid submission date	13-11-2026,10.30.A.M	1-12-2026, 2.30P.M
3	Physical Submission of EMD (Demand Draft)	1-12-2026, 3.00P.M	2-12-2026,11.30 A.M
4	Mandatory and Technical Proposal Open	2-12-2026,12.00 P.M	

संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल

जी-21388/26

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख

(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0007/अ-82/2025-26 **नर्मदापुरम, दिनांक**

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत् पानी परिवहन हेतु ग्राम गुमा प.ह.नं. 07 तहसील वनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केवल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (कमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

अनुसूची:-

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
01	02	03	04	05
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/1/1/1	0.032
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/6	0.008
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	18/3	0.004
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	17	0.006
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	20	0.008
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	25/3	0.020
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	25/4	0.011
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	25/5	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	90/1	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	86/2	0.013
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	86/3	0.038
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/1/1	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/2	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	135/3	0.012
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	134/1	0.003
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	134/2	0.011
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	137/1	0.003
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/1	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/2	0.008
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	157/3	0.016
नर्मदापुरम	वनखेडी	ग्राम गुमा प.ह.नं. 07	155	0.002
		कुल योग	**21**	**0.275**

(आकिप खान)
साक्षम प्राधिकारी एवंअनुविभागीय अधिकारी
राजस्व पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

जी-21409/26

लंपी वायरस की आशंका, दो क्वारंटाइन सेंटर बनाने की मांग

भोपाल। राजधानी में गौवंश में लंपी स्किन डिजीज जैसे लक्षण दिखाई देने के बाद संक्रमण फैलने की आशंका जताई जा रही है। इसे लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़े गौसेवकों ने शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार से मुलाकात कर आवश्यक इंतजाम करने की मांग की। उन्होंने पुराने भोपाल के आसपास दो क्वारंटाइन सेंटर बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

गौसेवक सरमन बाथम और जय सिंह ठाकुर ने कमिश्नर को बताया कि बीमार गोवंश को स्वस्थ पशुओं से अलग रखना और समय पर उपचार उपलब्ध कराना जरूरी है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो संक्रमण पूरे शहर में फैल सकता है। इससे गोवंश के साथ प्रशासन के सामने भी परेशानी खड़ी हो सकती है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)
लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

सूचना प्रकाशन क्रमांक. 19/व.ले.लि./2026-27 **भोपाल, दिनांक 12/11/2026**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्रं.	एन.आई.टी. क्रं.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रं.	ठेके की अनु. राशि	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	2026_PWDRB_548878_1	34/SAC/2026-27	प्रोवाईडिंग कंप्रेसिव मेंटेनेंस एवं ऑपरेशन ऑफ कंपलीट एचव्हीएसी सिस्टम (1318) एचपी, व्हीआरव्ही) एंड स्पिलिट एसी इन्टालड एट अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कॉलेज एंव अस्पताल जिला विदिशा	द्वितीय आमंत्रण	9816164.00	98162.00	10000.00
2	2026_PWDRB_548879_1	39/SAC/2026-27	पोल शिफ्टिंग एण्ड हाईट रेसिंग ऑफ 11 केव्ही एल टी लाईन एवं डीटीआर ड्यू टू कन्स्ट्रक्शन ऑफ रोड आमला रामजीपुरा से बरखेडा कुरमी रोड (3.00 किमी.) जिला सीहोर	प्रथम आमंत्रण	1700212.00	34004.00	2000.00
			योग:-		**11516376.00**		

नोट:- निविदा विकय दिनांक 12/11/2026 प्रात: 10:30 बजे से निविदा विकय अंतिम दिनांक 28/11/2028 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री, लो.नि. वि. (वि./यां.)
संभाग क्र. 02 भोपाल

जी-21406/26